<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

प्रौद्योगिक महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के सभी सात छात्रावासों एवं महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अभियान ''एक पेड़ मॉ के नाम'' के अंतर्गत अधिष्ठाता डा0 अलकनंदा अशोक के नेतृत्व में वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वृक्षारोपण कार्यक्रम का आरंभ टेगौर भवन छात्रावास किया गया, उसके उपरांत पटेल भवन, सिल्वर जुबली भवन छात्रावास, विश्वैश्वेरेया भवन, मंदाकनी भवन, सरस्वती भवन एवं डा0 भीम राव अम्बेडकर भवन छात्रावास में वृक्षारोपण किया गया कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय में पोधारोपण के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता द्वारा वृक्षों के महत्व एवं हमारे जीवन पर उनके प्रभाव को भी व्यक्त करते हुए सभी उपस्थित संकाय सदस्यों एवं कार्मियों से और अधिक मात्रा में वृक्ष लगाए जाने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय की अधिष्ठाता के साथ सभी विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।वृक्षारोपण के अंतर्गत अशोक, अलमांडा, नीम पलाश जामुन आदि के लगभग 100 वृक्ष रोपित किए गए।